University in News on 04 February 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : विप्रो में मिली सात को नौकरी

लखनऊ। लविवि के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से विप्रो कंपनी में चयन हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीसीए पाठ्यक्रम से पलक तिवारी, मानस खरे व साक्षी साकेत, बीकॉम से अभिराज सिंह, नूपुर पाल व शुभम सिंह और एमए के छात्र वैभव सिंह का चयन कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव के पद पर हुआ है। इन्हें प्रतिवर्ष 3.8 लाख का भुगतान किया जाएगा। सभी को कुलपति प्रो. आलोक राय ने शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

प्रो. आरके सिंह बने न्यू कैंपस के निदेशक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विधि विभाग के प्रो. आरके सिंह को जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने शनिवार को पत्र जारी करते हुए इसकी सूचना दी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के अनुमोदन के बाद यह आदेश जारी किया गया। प्रो. सिंह तीन वर्ष तक इस पद पर बने रहेंगे। विवि के शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

प्रवक्ता पद पर दो छात्रों का चयन

लखनऊ। लविवि के भूगर्भ विज्ञान विभाग के दो विद्यार्थियों संत विजय यादव और आकाश सिंह का बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रवक्ता (पीजीटी) पद पर चयन हुआ है। दोनों विद्यार्थी वर्तमान में अपने गृह जनपद में शोध कार्य कर रहे हैं। छात्रों को विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुवसेन सिंह व शिक्षकों ने बधाई दी। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 08

राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 15 से 17 फरवरी तक

लखनऊ। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान (वीबीयूएसएस) के सहयोग से 15 से 17 फरवरी तक लखनऊ विवि के मालवीय सभागार में राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें देशभर के शिक्षण संस्थानों के प्रमुख भाग लेंगे। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति के नियमों, बदलावों व तकनीकी पहलुओं से जुड़े विषयों पर मंथन होगा। इसे लेकर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में शनिवार को एक बैठक हुई।

बैठक में तैयारियों से जुड़े विषयों पर चर्चा के साथ ही जरूरी निर्देश भी दिए गए। बैठक का नेतृत्व डॉ. रजनी रंजन ने किया। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन का ध्यान एनईपी 2020 पर केंद्रित होना चाहिए। सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण नेतृत्व के महत्व को पहचानते हुए निजी और सरकारी दोनों तरह के उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को इकट्ठा करना है। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, डॉ. सुभाष, डॉ. मंजुल त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

एलयू के सात विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सात छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट विप्रो कंपनी में हुआ है। एलयू के इंजीनियरिंग संकाय में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि इलेक्ट्रानिक कंपनी विप्रो के प्रतिनिधियों ने छात्रों का चयन किया। प्रथम चरण में बीसीए के तीन विद्यार्थियों पलक तिवारी, मानस खरे और साक्षी साकेत को चुना गया। बीकॉम के अभिराज सिंह, नूपुर पाल, शुभम, एमए के वैभव का चयन हुआ है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान की ओर से आयाश्री का आगाज हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

एलयू: छात्रों ने नाटक के जरिए पीड़ा उजागर की

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान की ओर से शनिवार को तीन दिवसीय इंटर कॉलेजिएट उत्सव आद्याश्री का आगाज हुआ। प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी व संस्थान की निदेशक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने दीप जलाकर शुरूआत की। कार्यक्रम में शहर के कॉलेजों के साथ ही बैच्स के छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। महिला अध्ययन संस्थान के शिक्षक और रचनात्मक कार्यक्रम के दौरान कई प्रतियोगिताएं हुईं। पहले दिन पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रंगोली मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं।

टेबल टेनिस में निवेदिता छात्रावास ने दिखाया दम

हॉस्टल फेस्ट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में इंटर हॉस्टल फेस्ट के पांचवें दिन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बीरबल साहनी, हबीबुल्ला, महमूदाबाद, सुभाष और निवेदिता छात्रावास विजेता रहे।

एलयू में जारी अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव-2024 में पांचवें दिन इनडोर गेम्स हुए। नवीन परिसर के डॉ. बीआर अंबेडकर छात्रावास में शतरंज व कैरम प्रतियोगिताएं हुईं। शतरंज के महिला वर्ग में बीरबल साहनी हॉल और पुरुष वर्ग में हबीबुल्ला हॉल विजयी रहा। कैरम महिला वर्ग में सीएसए हॉल और पुरुष वर्ग में हबीबुला हॉल विजेता रहा। वहीं

अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव में शनिवार को शतरंज प्रतियोगिता हुई।

टेबल टेनिस का आयोजन नवीन परिसर स्थित जिम में किया गया। महमूदाबाद हॉल डबल्स और लड़कों में सुभाष हॉल विजयी रहा।

i-NEXT PAGE 4

सात विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में सात छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट विप्रो कंपनी में हुआ है. प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि विप्रो कंपनी के प्रथम चरण के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.सी.ए के पलक तिवारी, मानस खरे, साक्षी साकेत, बी.कम के अभिराज सिंह, नूपुर पाल, शुभम सिंह, एम.ए के छात्र वैभव शर्मा का चयन कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव के पद पर हुआ. इन्हें 3.08 लाख प्रतिवर्ष का वार्षिक पैकेज मिलेगा. विप्रो कंपनी के लिए दूसरे चरण की प्लेसमेंट ड्राइव फरवरी के आखरी सप्ताह में होगी. वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय ने विधि विभाग के प्रोफेसर आरके सिंह को द्वितीय परिसर का निदेशक बनाया है. उनका कार्यकाल तीन वर्ष या अग्रिम आदेश होने तक मान्य होगा. अभी तक प्रो. बीडी सिंह के पास इस पद का कार्यभार था. कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिए है.

एलयू के दो शोधार्थी बने प्रवक्ता

लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के दो शोध छात्र सन्त विजय यादव और आकाश सिंह का चयन बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पीजीटी (प्रवक्ता) के पद पर हुआ है. सन्त विजय यादव आजमगढ़ में संपोषणीय ग्रामीण विकास में स्थानीय संसाधनों की भूमिका: एक अध्ययन और आकाश सिंह मऊ में स्वास्थ्य सुविधाएं एवं ग्रामीण विकास: एक भौगोलिक अध्ययन विषय पर शोध कर रहे थे. उनकी इस उपलब्धि पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कई टीचर्स ने अपनी ओर से उन्हें बधाई दी है.

शतरंज पुरुष में हबीबुल्लाह महिला में बीरबल साहनी जीते

LUCKNOW(3 Feb): लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर हास्टल कम्पटीशन फेस्ट-2024 में शनिवार को इनडोर गेम प्रतियोगिताएं हुईं. छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग खेलों का आयोजन जानकीपुरम स्थित परिसर में किया गया. डा. बीआर अंबेडकर हास्टल में हुई शतरंज प्रतियोगिता में महिला वर्ग से बीरबल साहनी हास्टल जीता. पुरुष वर्ग में हबीबुल्लाह हास्टल विजयी रहा. कैरम प्रतियोगिता में चंद्रशेखर आजाद हास्टल की श्रेया यादव ने जीत दर्ज कराई. हबीबुल्लाह हास्टल ने पुरुष वर्ग में विजय प्राप्त की. इसके अलावा टेबल टेनिस का आयोजन नवीन परिसर स्थित जिम में किया गया. महमूदाबाद हास्टल डबल्स और सुभाष हाल लड़कों की श्रेणी में विजयी रहा. लड़कियों की श्रेणी में सिंगल और डबल्स दोनों में ही निवेदिता हास्टल जीता. शतरंज में बीरबल साहनी विजेता रहा.

JAGRAN CITY PAGE III

'आद्याश्री' में दिखे प्रतिभा के रंग

छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई● सौजन्य: लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान में शनिवार को तीन दिवसीय इंटर कालेजिएट उत्सव 'आद्याश्री' की शुरुआत हुई। पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में लवि सहित शहर के विभिन्न डिग्री कालेजों के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा देखने को मिली। छात्रों ने 'शेड्स आफ वुमनहुड' विषय पर पोस्टर बनाए। विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर पारंपरिक प्रारूप से खुद को अलग दिखाने का प्रयास किया। पितृसत्ता के दुष्प्रभावों पर लघु नाटक का भी मंचन हुआ। नाटक में बताया गया कि पितृ सत्तात्मक समाज में पुरुष और महिलाएं दोनों कैसे पीड़ित होते हैं।

समागम-2024 : 400 से ज्यादा ने कराया पंजीकरण

जासं, लखनऊ : विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान (वीबीयूएसएस) के सहयोग से 15 से 17 फरवरी को होने वाले अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 में करीब 700 लोग शामिल होंगे। इनमें से 400 से ज्यादा ने आनलाइन पंजीकरण करा लिया है। इसकी तैयारियों को लेकर शनिवार को मालवीय सभागार में बैठक हुई। इसका नेतृतव डा. रजनी रंजन ने किया।

बैठक में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, विश्वविद्यालय संकाय के साथ-साथ वीबीयूएसएस सदस्यों ने समागम के विकास पर चर्चा की। वीबीयूएसएस के डा. सुभाष ने शिखर सम्मेलन के लिए गठित विभिन्न समूहों का परिचय दिया, जबकि प्रो. राकेश द्विवेदी ने शिखर सम्मेलन के लिए विभिन्न समितियों की रूपरेखा तैयार की, जैसे कि आयोजन समिति, कार्यक्रम समन्वय, मंच प्रबंधन समिति, मंच सजावट समिति, आदि। शिखर सम्मेलन में, कुल पांच समूह संरचित हैं समूह एक में आयोजन समिति के सदस्य शामिल हैं, समूह दो का नेतृत्व यूबीयूएसएस के डॉ. सशक्त सिंह करेंगे और समूह तीन समितियां वीबीयूएसएस से डॉ. मंजुल त्रिवेदी के नेतृत्व में होंगी। वीबीयूएसएस राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. केएन रघुनंदन ने शिखर सम्मेलन के लिए लविवि की त्वरित तैयारियों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिखर सम्मेलन का ध्यान एनईपी 2020 पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रतिभागियों की संख्या अधिक होने के कारण शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कला संकाय प्रांगण विश्वविद्यालय के मैदान में होगा। अब तक 400 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले ही ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है।

शिखर सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं के साथ समानांतर व्याख्यान सत्रों के साथ विभिन्न सत्र होंगे। एनईपी 2020 में सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने के लिए लखनऊ घोषणा को क्रियान्वित करने की योजना है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन को लेकर लविवि में हुआ मंथन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान (वीबीयूएसएस) के सहयोग से लविवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के दिशा निर्देशन में चल रहे अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव के 5वें दिन की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ हुई। शनिवार को इनडोर गेम प्रतियोगिताओ में छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग खेलो का आयोजन नवीन परिसर जानकीपुरम में किया गया। द्वितीय परिसर प्रभारी प्रो. बीडी सिंह, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर संगीता साहू ने फीता काट कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। डॉ. बीआर अम्बेडकर हॉल में शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। महिला वर्ग मे बीरबल साहनी हॉल ने जीत दर्ज की और पुरुष वर्ग में हबीबुल्ला हॉल विजयी रहा। वहीं कैरम में सीएसए हॉल (महिला वर्ग) विजयी रही और हबीबुला हॉल ने पुरुष वर्ग में जीत प्राप्त की। महमूदाबाद हॉल डबल्स और सुभाष हॉल लड़को की श्रेणी में विजयी रहा और लड़कियों की श्रेणी में सिंगल और डबल्स दोनों में ही नेवीदिता हॉल विजयी रहा। प्रोवोस्ट प्रो . अनूप कुमार सिंह और डीन छात्र कल्याण प्रो . संगीता साहू की देखरेख और मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- 15 से 17 तक लखनऊ विविश्वविद्यालय में होगा शिखर सम्मेलन
- बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर हुई चर्चा, समिति गठित

तैयारियों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिखर सम्मेलन का ध्यान एनईपी 2020 पर केंद्रित होना चाहिए, इसके कार्यान्वयन और उच्च शिक्षा पर इसके प्रभाव को प्रभावित करने वाले कारकों की खोज करनी चाहिए। वर्तमान सामाजिक आवश्यकता केंद्र-उन्मुख शिक्षा संरचना में बदलाव की मांग करती है, जो भारत की ज्ञान-आधारित समाज के रूप में स्थापित करती है। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण नेतृत्व के महत्व को पहचानते हुए निजी और सरकारी दोनों तरह के विविध उच्च शिक्षण संस्थानों के नेताओं को इकट्ठा करना है। प्रतिभागियों की संख्या अधिक होने के कारण शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कला संकाय प्रांगण, विश्वविद्यालय के मैदान में होगा, जिसमें कम से कम 600-700 लोग उपस्थित होंगे। अब तक, 400 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले ही ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है। शिखर सम्मेलन में मुख्य वक्ता ओं के साथ समानांतर व्याख्यान सत्रों के साथ विभिन्न सत्र होंगे। एनईपी 2020 में सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने के लिए लखनऊ घोषणा को क्रियान्वित करने की योजना है। अंत में लविवि के कुलपति ने वीबीयूएसएस के सदस्यों द्वारा सप्ताह की गई जानकारी के लिए सराहना व्यक्त करते हुए बैठक को संबोधित किया। लखनऊ घोषणा के लिए बैठक पहले ही आयोजित की जा चुकी है, और परिणाम-उन्मुख कार्य पूरा हो चुका है, जिसका मूल्यांकन अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों की पहचान करने के लिए किया जा सकता है।

आद्याश्री का आगाज, महिलाओं पर फोकस

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को आद्याश्री कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। -संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान की ओर से शनिवार को तीन दिवसीय इंटर-कॉलेजिएट उत्सव आद्याश्री का आगाज हुआ। प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी व संस्थान की निदेशक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने शुभारंभ किया। शहर के कॉलेजों के साथ ही कैंपस के छात्रों ने इसमें प्रतिभाग किया।

पहले दिन पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रंगोली मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं। छात्रों ने शेड्स ऑफ वुमनहुड विषय पर जीवंत व जानकारीपूर्ण पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में समकालीन भारतीय महिलाएं, कला और साहित्य में महिलाएं, महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण जैसे विषय शामिल रहे। इस दौरान छात्रों ने पितृसत्ता के दुष्प्रभावों पर एक लघु नाटक का भी मंचन किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. मीरा सिंह समेत संस्थान के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

PIONEER PAGE 4

भूगोल के दो छात्र प्रवक्ता चुने गए

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के दो शोध विद्यार्थियों संत विजय यादव और आकाश सिंह का बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रवक्ता (पीजीटी) पद पर चयन हुआ है।

दोनों विद्यार्थी वर्तमान में अपने गृह जनपद में शोध कार्य कर रहे हैं। छात्रों को विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी।

एनईपी पर देश के कुलपति करेंगे चर्चा

लखनऊ। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान (वीबीयूएसएस) की ओर से 15 से 17 फरवरी तक लखनऊ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिखर सम्मागम का आयोजन होगा। इसमें देश के शिक्षण संस्थानों के प्रमुख भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति नियमों, बदलावों तकनीकी पहलुओं से जुड़े विषयों मंथन होगा। इसे लेकर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में शनिवार को एक बैठक हुई।

विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिखर सम्मेलन के लिए अब तक चार सौ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है।

ADYASHREE

The three-day inter-collegiate fest, 'Adyashree', organised by the Institute of Women's Studies, University of Lucknow, kicked off on Saturday. The Pro-VC encouraged the students to participate in creative activities that contribute to their holistic development. The first day witnessed poster-making, slogan-writing and rangoli-making contests. A short play on the ill-effects of patriarchy was also staged.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि के दो छात्रों का प्रवक्ता पद पर चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के दो शोध छात्र सन्त विजय यादव और आकाश सिंह का चयन बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पीजीटी (प्रवक्ता) के पद पर चयन हुआ है। सन्त विजय यादव जनपद आजमगढ़ में संपोषणीय ग्रामीण विकास में स्थानीय संसाधनों की भूमिका: एक अध्ययन और आकाश सिंह जनपद मऊ में स्वास्थ्य सुविधाएं एवं ग्रामीण विकास: एक भौगोलिक अध्ययन विषय पर शोध कर रहे थे।

लविवि के पो. आरके सिंह बने निदेशक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में विधि संकाय के प्रो. आरके सिंह को निदेशक बनाया गया है। इस सम्बन्ध में शनिवार को कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार कुलपति प्रो. आलोक राय की अनुमति पर प्रो. आरके सिंह को तीन साल या दूसरे आदेश आने तक पद पर बने रहने के लिए आदेशित किया गया है।

पीजीटी के पद पर दो शोध छात्रों का चयन

अमृत विचार, लखनऊ : बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी (प्रवक्ता) के पद पर भूगोल विभाग के दो शोध छात्रों का चयन हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के दो शोध छात्र संत विजय यादव और आकाश सिंह का चयन बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी (प्रवक्ता) के पद पर हुआ है। सन्त विजय यादव जनपद आजमगढ़ में संपोषणीय ग्रामीण विकास में स्थानीय संसाधनों की भूमिका: एक अध्ययन और आकाश सिंह जनपद मऊ में स्वास्थ्य सुविधाएं एवं ग्रामीण विकास: एक भौगोलिक अध्ययन विषय पर शोध कर रहे थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 400 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले ही कराया ऑनलाइन पंजीकरण

अमृत विचार : विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान (वीबीयूएसएस) के सहयोग से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में शनिवार को एक बैठक बुलाई गई। आगामी राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में 15-17 फरवरी को होने वाले इस शिखर सम्मेलन में उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रसिद्ध नेता भाग लेंगे। डॉ. रजनी रंजन ने इस बैठक का नेतृत्व किया।

बैठक के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति और विश्वविद्यालय संकाय के साथ-साथ वीबीयूएसएस सदस्यों की उपस्थिति में शिखर सम्मेलन के विकास पर चर्चा की गई। वीबीयूएसएस के डॉ. सुभाष ने शिखर सम्मेलन के लिए गठित विभिन्न समूहों का परिचय दिया, जबकि प्रो. राकेश द्विवेदी ने शिखर सम्मेलन के लिए विभिन्न समितियों की रूपरेखा तैयार की, जैसे कि आयोजन समिति, कार्यक्रम समन्वय, मंच प्रबंधन समिति, मंच सजावट समिति, आदि। शिखर सम्मेलन में, कुल पांच समूह संरचित हैं समूह एक में आयोजन समिति के सदस्य शामिल हैं, समूह दो का नेतृत्व यूबीयूएसएस से डॉ. सशक्त सिंह करेंगे और समूह तीन समितियां वीबीयूएसएस से डॉ. मंजुल त्रिवेदी के नेतृत्व में होंगी। वीबीयूएसएस राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. केएन रघुनंदन ने शिखर सम्मेलन के लिए लविवि की त्वरित तैयारियों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिखर सम्मेलन का ध्यान एनईपी 2020 पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रतिभागियों की संख्या अधिक होने के कारण शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कला संकाय प्रांगण विश्वविद्यालय के मैदान में होगा। अब तक 400 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले ही ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है।

शिखर सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं के साथ समानांतर व्याख्यान सत्रों के साथ विभिन्न सत्र होंगे। एनईपी 2020 में सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने के लिए लखनऊ घोषणा को क्रियान्वित करने की योजना है।

लविवि के 7 छात्रों का विप्रो कंपनी में हुआ प्लेसमेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव के पद पर 3 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ चयन

पलक तिवारी

मानस खरे

साक्षी साकेत

शुभम सिंह

नूपुर पाल

वैभव शर्मा

अभिराज सिंह

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय व तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में सात छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट विप्रो कंपनी में हुआ। चयनित छात्रों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने बधाई दी।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि विप्रो कंपनी के प्रथम चरण के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीसीए के तीन छात्रों (पलक तिवारी, मानस खरे एवं साक्षी साकेत), बीकॉम के तीन छात्रों (अभिराज सिंह, नूपुर पाल व शुभम सिंह) एवं एमए के छात्र वैभव शर्मा का चयन कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव के पद पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। दूसरे चरण की प्लेसमेंट ड्राइव फरवरी के आखिरी सप्ताह में आयोजित की जाएगी।

अंतर छात्रावास प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के दिशा निर्देशन में चल रहे अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव के 5वें दिन की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ हुई। शनिवार को इनडोर गेम प्रतियोगिताओ में छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग खेलो का आयोजन नवीन परिसर जानकीपुरम में किया गया। द्वितीय परिसर प्रभारी प्रो. बीडी सिंह, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर संगीता साहू ने फीता काट कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। डॉ. बीआर अम्बेडकर हॉल में शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। महिला वर्ग मे बीरबल साहनी हॉल ने जीत दर्ज की और पुरुष वर्ग में हबीबुल्ला हॉल विजयी रहा। वहीं कैरम में सीएसए हॉल (महिला वर्ग) विजयी रही और हबीबुला हॉल ने पुरुष वर्ग में जीत प्राप्त की। महमूदाबाद हॉल डबल्स और सुभाष हॉल लड़को की श्रेणी में विजयी रहा और लड़कियों की श्रेणी में सिंगल और डबल्स दोनों में ही नेवीदिता हॉल विजयी रहा। प्रोवोस्ट प्रो . अनूप कुमार सिंह और डीन छात्र कल्याण प्रो . संगीता साहू की देखरेख और मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए।